प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 27.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीन दिवसीय झारखंड दौरा कल से, प्रशासनिक तैयारियां तेज, ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी से सुरक्षा पर रखी जायेगी विशेष नजर।
- राज्य में 108 एंबुलेंस सेवा में बड़े सुधार की घोषणा, अब मोबाइल ऐप से होगी एंबुलेंस की बुकिंग।
- केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे झारखंड कैडर के आइपीएस अधिकारी एवी होमकर, केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ आइजी के पद पर किया नियुक्त।
- राज्य में कड़ाके की ठंड और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित, रांची में एक दिन में तीन डिग्री सेल्सियस से ज्यादा गिरा पारा, 31 तक सभी स्कूल बंद रखने के आदेश।
- छत्तीसगढ़ में आयोजित नौंवीं फेडरेशन कप वुशू प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, एक स्वर्ण समेत जीते पांच पदक।

*************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर कल रांची आयेंगी। राष्ट्रपति कल शाम रांची पहुंचेंगी और नवनिर्मित लोक भवन में रात्रि विश्राम करेंगी। 29 दिसंबर को वे जमशेदपुर जाएंगी, जहां एनआइटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह में भी शामिल होंगी। 30 दिसंबर को वे गुमला के रायडीह स्थित माझाटोली में आयोजित अंतर्राज्यीय जनसांस्कृतिक समागम कार्तिक जतरा में भाग लेंगी।

*************************

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर रांची, जमशेदपुर और गुमला में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से रांची एयरपोर्ट से लोक भवन तक के मार्ग और ऊंची इमारतों की ड्रोन मैपिंग की गई है। पूरे शहर में सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट से हिनू चौक तक और बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक तक और वहां से लोकभवन के 200 मीटर की परिधि को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। रांची के हरमू रोड सहित प्रमुख मार्गों पर 28 से 30 दिसंबर तक ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है।

*************************

राज्य सरकार ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आम जनता के लिए एक नया मोबाइल ऐप विकसित किया जाएगा, जिससे एंबुलेंस और ममता वाहन की बुकिंग आसान होगी। निजी एंबुलेंस को भी इस सेवा से जोड़ा जाएगा।

*************************

झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ए.वी. होमकर अब केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर अपनी सेवा देंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल– सीआरपीएफ में आईजी के पद पर नियुक्त किया है।

*************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*************************

हजारीबाग पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी और ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस सिलसिले में बरकट्ठा से चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी अंजनी अंजन के अनुसार, आरोपी फर्जी वेबसाइट के जरिए लोगों को झांसे में लेकर डिजिटल भुगतान करवाते थे।

*************************

धनबाद जिले में जागरूकता रथ के माध्यम से धान अधिप्राप्ति को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

*************************

राज्य में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने रांची सहित राज्य के 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, पलामू और गढ़वा शामिल हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो–तीन दिनों तक स्थिति इसी तरह बनी रह सकती है।

*************************

बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए रांची जिला प्रशासन ने 27 से 31 दिसंबर तक जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में केजी से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं बंद रखने का आदेश दिया है।

*************************

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में आयोजित नौंवी फेडरेशन कप वुशू प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदक जीते। प्रतियोगिता में राज्य को एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक हासिल हुए। यह प्रतियोगिता 30 दिसंबर तक चलेगी।

*************************

रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में कल से हॉकी इंडिया लीग का आयोजन किया जा रहा है। 16 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लेने रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री कल स्टेडियम पहुंचे।

*************************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में ठंड और शीतलहर के प्रकोप की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है—कड़ाके की ठंड में रिम्स में फर्श पर हो रहा कैंसर मरीजों का इलाज।

हिन्दुस्तान ने लिखा है— ग्रामीण निकायों के लिए मिले 275 करोड़ रुपये।

प्रभात खबर के शब्द हैं— अतिक्रमण मुक्त हुई रिम्स की करीब 30 एकड़ जमीन, कैंपस थ्री बनाने की तैयारी।

दैनिक जागरण लिखता है— पिता दिव्यांग, मां दिहाड़ी मजदूर, चौंपियन बेटी अनुष्का रच रही फुटबाल में कीर्तिमान।

************************